आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 28.04.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत आज वैश्विक अंतरिक्ष महाशक्ति बन चुका है।
- श्री मोदी ने नागरिकों से प्राकृतिक आपदाओं का अलर्ट क्षेत्रीय भाषाओं में प्राप्त करने के लिए 'सचेत' मोबाइल ऐप का उपयोग करने का आग्रह किया।
- शतरंज संघ द्वारा प्रशासन के सहयोग से सरकारी गर्ल्स स्कूल के पास शतरंज कॉर्नर का उद्घाटन।
- भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने मुख्य भूमि के लिए जहाज़ों को फिर से बहाल करने का आग्रह किया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि इस वर्ष अप्रैल में आर्यभट्ट उपग्रह के प्रक्षेपण के पचास वर्ष पूरे हो गए हैं। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में कल श्री मोदी ने कहा कि भारत आज वैश्विक अंतरिक्ष महाशक्ति बन चुका है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने निजी क्षेत्र के लिए भी अंतरिक्ष के दरवाजे खोल दिए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में जागरूकता सबसे अहम होती है। उन्होंने कहा कि अब प्राकृतिक आपदा की स्थिति में लोग अपने मोबाइल पर सचेत ऐप की मदद से सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

<><><><><><><>

सरकार ने कहा है कि उड़ान योजना के अंतर्गत एक करोड़ उनचास लाख से अधिक यात्रियों ने किफायती हवाई यात्रा की है। दूरदराज के क्षेत्रों तक हवाई संपर्क सुनिश्चित करने के लिए अक्टूबर–दो हजार सोलह में यह योजना शुरू की गई थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि देश के नब्बे हवाई अड्डों को जोड़ने वाले छह सौ पच्चीस हवाई मार्गों पर वर्तमान में उड़ान योजना संचालित है। पिछले एक दशक में भारत का

विमानन क्षेत्र दोगुना हो चुका है। वर्ष दो हजार चौदह में जहां भारत में हवाई अड्डों की संख्या चौहत्तर थी वहीं, दो हजार चौबीस में यह संख्या बढ़कर एक सौ उनसठ हो गई है।

<><><><><><><>

युवाओं के बीच शतरंज को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में, कल श्री विजयापुरम में सरकारी गर्ल्स स्कूल के पास मोबाइल लाइब्रेरी के साथ एक शतरंज कॉर्नर का उद्घाटन किया गया। प्रशासन, शिक्षा विभाग और अंडमान निकोबार शतरंज संघ के बीच सहयोग से शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य सुलभ और समावेशी स्थान बनाना है, जहां सभी उम्र के लोग आराम करने के लिए शतरंज सीख सकें और खेल सकें और दूसरों से जुड़ सकें। शतरंज कॉर्नर का उद्देश्य सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देना, सीखने और मनोरंजन की संस्कृति को बढ़ावा देना और शतरंज जैसे मानसिक खेलों को रोजमर्रा के सार्वजनिक जीवन में शामिल करना है। प्रशासन के शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और औपचारिक रूप से शतरंज की बिसात पर पहला कदम रखा, जो द्वीपों में अपनी तरह का पहला शतरंज कॉर्नर है। इस कार्यक्रम में शतरंज के प्रति उत्साही लोगों, बच्चों, अभिभावकों और आम जनता की उत्साही भागीदारी देखी गई, जिन्होंने शतरंज को सभी के लिए सुलभ बनाने की पहल की सराहना की। इस अवसर पर बोलते हुए शिक्षा निदेशक ने युवा दिमागों में आलोचनात्मक सोच और निर्णय लेने के कौशल को विकसित करने में शतरंज जैसे मानसिक खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने माता–पिता से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को न केवल किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें बल्कि शतरंज खेलने के लिए भी प्रोत्साहित करें। उन्होंने यह भी घोषणा की कि निकट भविष्य में द्वीपों में ऐसे और अधिक शतरंज कॉर्नर स्थापित किए जाएंगे। शतरंज कॉर्नर शाम चार बजे से शाम सात बजे तक सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रवेश द्वार के पास मोबाइल लाइब्रेरी के साथ संचालित होगा।।

<><><><><><><>

डिगलीपुर और मायाबंदर के लोगों और प्रतिनिधियों की बढ़ती मांगों के जवाब में, भारतीय जनता पार्टी ने प्रशासन से मध्योत्तर अंडमान जिले और चेन्नई, वाइज़ाक और कोलकाता के लिए एम.वी. नालंदा और एम.वी. सिंधु जहाजों की सेवाओं को तुरंत फिर से बहाल करने का आग्रह किया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अजय बैरागी ने हाल ही में मुख्य सचिव और संबंधित अधिकारियों को लिखे अपने पत्र में जहाजरानी

विभाग द्वारा इन आवश्यक जहाज सेवाओं को एक–तरफा बंद करने से होने वाली महत्वपूर्ण कठिनाइयों को उजागर किया है। ये जहाज लंबे समय से आम जनता के लिए परिवहन का एक महत्वपूर्ण और किफायती साधन रहे हैं। इन जहाजों को छोटी स्पीडबोटों से बदलने से भारी मुश्किलें पैदा हुई हैं, खासकर चिकित्सकीय रूप से कमजोर यात्रियों के लिए। भाजपा अध्यक्ष अजय बैरागी ने गर्मी की छुट्टियों में मुख्य भूमि जाने वाले जहाज़ों को फिर से शुरू करने की मजबूत मांग पर जोर दिया।

<><><><><><><>

गर्मी के समय बिजली की ब़ढ़ती मांग और शाम के समय बिजली की बढ़ती खपत को देखते हुए बिजली विभाग ने सभी उपभोक्ताओं स कहा है कि वे शाम के समय उर्जा का विवेकपूर्ण ढ़ंग से उपयोग करें। बिजली विभाग के सभी उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे विशेष रूप से शाम के पीक घंटों के दौरान बिजली की कमी को देखते हुए ऊर्जा का विवेकपूर्ण उपयोग करें। उन्होंने कहा कि शाम साढ़े पांच बजे से रात साढ़े दस बजे तक के पीक घंटों के दौरान एसी, मोटर्स, ओटीजी, ग्रीसर, गार्डन लाइटिंग आदि जैसे प्रमुख बिजली की खपत करने वाले उपकरणों के उपयोग से बचें और उपयोग में न होने पर अनावश्यक बिजली के उपकरणों को बंद करने का अनुरोध किया जाता है। विद्युत विभाग प्रभावी अनुपालन के लिए स्थिति की निगरानी करने के लिए प्रतिबद्ध है।

<><><><><><><>

<u>समाचार पत्रों की सुर्खियां</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल मन की बात कार्यक्रम में कहा की पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। इस खबर को–द्वीप समाचार ने प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। बिजली उपभोक्ताओं से बिजली का विवेकपूर्ण उपयोग करने और बिजली की बर्बादी को रोकने की अपील के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स प्रथम पृष्ठ के निचले भाग में जगह दी है। युवाओं के बीच शतरंज को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कल श्री विजयपुरम में गर्ल्स स्कूल के पास मोबाइल लाइब्रेरी के साथ शतरंज कॉर्नर के उद्घाटन के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपने प्रथम पृष्ठ में छापा है। कृषि विभाग द्वारा डिगलीपुर की ग्रामीण महिलाओं को केचुआ खाद्य पर प्रशिक्षण देने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। जबकि मायाबंदर में हिन्दु समुदाय द्वारा कश्मीर हमले के खिलाफ शन्तिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस – अंग्रेजी ने पहले के मध्य में जगह दी है।